मेरा तो खाटूवाला है | By Shivangi Bhatia

मैं क्यों करु चिंता, मेरा तो खाटू वाला है,
कदम कदम पर इसने आ कर मुझे संभाला है
(१)
ऐसी एक विश्वास की डोरी बंधी है मेरी श्याम से
मेरा कल और आज जुड़ा है सांवरिया के नाम से
हर मुश्किल से बाहर इसने मुझे निकाला है
मैं क्यों करु.....
(२)
जब से पकड़ा हाथ मेरा ये सांवरिया सरकार ने
मुझको मेरे श्याम धनी ने,नही दिया कभी हारने
आने वाला हर संकट मेरा इसने टाला है
मैं क्यों करूं.....
(३)
मेरे जीवन नैया का मेरा श्याम खेवन हारा है
छोटे से परिवार का मेरे,यही तो पालन हारा है
श्याम कृपा से कुंदन मुंह में पड़ता निवाला है
मैं क्यों.....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%a4%e0%a5%8b-%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-shivangi-bhatia/